लोक सभा अध्यक्ष ने होली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभकामनाएं दीं

नई दिल्ली, 17 मार्च 2022: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने होली की पूर्व संध्या पर देशवासियों को शुभाकामनाएं दी। अपने संदेश में, श्री बिरला ने कहा: "आप सभी को रंग पर्व होली की शुभकामनाएं। उल्लास और उमंग के रंगों में रंगा यह पर्व आप सब के जीवन में नई खुशियां और नवीन आनंद का संचार करें, ऐसी मेरी परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है। जिस तरह रंगों में हमें विविधता नजर आती है, उसी तरह उमंग और उल्लास से भरे हमारे त्यौहार भी विविधता से भरे हैं। लेकिन एक समानता जो इन सब त्यौहारों में है वह यह कि त्यौहार हमें जोड़ते हैं, हमारी सामाजिक समरसता को मजबूत करते हैं और हमारी एकता को सशक्त करते हैं।"

श्री बिरला ने आगे कहा कि "होली में हवा में उड़ते रंग हमारे विचारों की भिन्नता और मतांतरों को दूर करते हुए हमें एक-दूसरे के नजदीक लाते हुए हमारे प्रेम और सामाजिक सौहार्द को बढ़ाते हैं। इस वर्ष होली का उत्सव मनाते हुए हम प्रार्थना करें कि होली की पवित्र अग्नि सामाजिक विषमताओं का नाश करते हुए समाज में एक नई एकता का सूत्रपात करे। हम एक नई प्रतिबद्धता के साथ खुद को समाज और देश के लिए समर्पित करें। हमारे प्रयासों से समाज में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति का जीवन भी उमंग और उल्लास के रंगों से रंगीन हो जाए। जय हिन्द!"